आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

जीएसटी

वस्तु और सेवा कर यानी जी.एस.टी. की दरों में हाल ही में किए गए सुधार आगामी 22 सितम्बर से लागू होंगे। नई जी.एस.टी. दरों का चिकित्सा क्षेत्र पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। शल्य चिकित्सा, दंत चिकित्सा और पशु चिकित्सा सहित सभी चिकित्सा उपकरणों पर जी.एस.टी. की दरें घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। पट्टियों, डायग्नॉस्टिक किट, ग्लूकोमीटर और अन्य आवश्यक चिकित्सा उपकरणों पर भी जी.एस.टी. दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसके अलावा, 33 जीवन रक्षक दवाओं पर कोई जी.एस.टी. लागू नहीं होगा। कैंसर और गंभीर बीमारियों से जुड़ी तीन महत्वपूर्ण दवाओं को भी जी.एस.टी. से मुक्त रखा गया है। एम्बुलेंस और एम्बुलेंस की फिटिंग, फर्नीचर और चिकित्सा सहायक उपकरणों वाले मोटर वाहनों पर अब 18 प्रतिशत जी.एस.टी. लगेगा।

धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि जनसमस्याओं का निपटारा करना उनकी प्राथमिकता है। बिलासपुर ज़िले के घुमारवीं में आज जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में भी लोगों को भारी बरसात के कारण नुकसान उठाना पड़ा है और प्रभावितों को सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। धर्माणी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारियों को बरसात से हुए नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि कोई भी प्रभावित परिवार आपदा राहत से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग व जलशक्ति विभाग को बरसात के कारण अवरूद्ध सड़कों और प्रभावित पेयजल आपूर्ति योजनाओं को जल्द बहाल करने को कहा गया है।

निरीक्षण

इस बीच, तकनीकी शिक्षा मंत्री ने बिलासपुर ज़िले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हटवाड़ का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायज़ा लेकर मरीज़ों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने लोक निर्माण और स्वास्थ्य विभागों को एक माह के भीतर अस्पताल में एक्स–रे मशीन को चालू करने के निर्देश दिए। बाद में उन्होंने गाहर और दधोल पंचायतों में भारी वर्षा से प्रभावित परिवारों के घरों को हुए नुकसान का जायज़ा भी लिया।

राहत सामग्री

हरियाणा भाजपा सरकार ने आपदा प्रभावित चम्बा ज़िले के लिए राहत सामग्री से भरे 10 ट्रक भेजे हैं। इस राहत सामग्री में करीब एक सौ 86 क्विंटल चावल, एक सौ 53 क्विंटल आटा, 20 क्विंटल नमक और 65 क्विंटल चीनी सहित अन्य खाद्य सामग्री शामिल है। इसके अलावा राहत सामग्री में तिरपाल, कम्बल, गद्दे सहित अन्य सामान भी भेजा गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि इस राहत सामग्री को चम्बा ज़िला के आपदा प्रभावित परिवारों में आवश्यकता अनुसार वितरित किया जाएगा।

सोलन नगर निगम

सोलन नगर निगम क्षेत्र में इस मॉनसून सीज़न के दौरान व्यापक वर्षा से संपति को भारी नुकसान हुआ है। नगर निगम महापौर उषा शर्मा ने तकनीकी टीम के साथ शहर के विभिन्न वार्डों का दौरा कर आपदा से हुए नुकसान का जायज़ा लिया। उन्होंने जनसमस्याएं सुनकर अधिकारियों को इनके निपटारे के निर्देश भी दिए।

भरमौर जनजीवन

चंबा जिले में मणिमहेश यात्रा के दौरान फंसे लगभग 16 हज़ार यात्रियों को सुरक्षित चंबा पहुंचाने का चंबा जिला प्रशासन का बचाव अभियान संपन्न हो गया है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि वायु सेना के हैलीकॉप्टर के माध्यम से 64 यात्रियों को चंबा पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान कुल 17 यात्रियों की मृत्यु हुई है जिनके शव चंबा पहुंचाए गए हैं। अधिक ब्यौरा हमारे चंबा जिला संवादाता से।

*करीब 10 दिनों तक चला मणिमहेश यात्रियों का रैस्क्यू अब समाप्त हो चुका है। रैस्क्यू अभियान के दौरान भरमौर में फंसे करीब 16 हजार यात्रियों को सुरक्षित अपने घरों तक पहुंचाया गया और वहीं उपायुक्त चंबा मुकेश रेपस्वाल के अनुसार इस रैस्क्यू में भारतीय वायुसेना की भी मदद ली गई। अब भरमौर में स्थिति सामान्य है। वहीं चबा भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग की बहाली के प्रयास भी तेज कर दिए गए हैं। उनके अनुसार आगामी 2–3 दिनों में इन राष्ट्रीय उच्च मार्गों को छोटे वाहनों के लिए बहाल किया जा सकेगा जिसके लिए संबंधिम विभाग के कर्मचारी व मशीनें दिन रात जुटी है।* आकाशवाणी के लिए चंबा से विकास ठाकुर.......

चंद्र ग्रहण

आज पूर्ण चंद्र ग्रहण है। ये ग्रहण पूरे भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। चंद्रग्रहण आज रात आठ बजकर 58 मिनट से शुरू होकर कल सुबह दो बजकर 25 मिनट पर समाप्त होगा। यह दुर्लभ खगोलीय घटना एक दशक में सबसे लंबे ग्रहणों में से एक होगी। ग्रहण की अवधि पाँच घंटे से अधिक समय तक रहेगी।